RNI-RAJHIN/2019/81360



卐 शुभ दीपावली

आपणो गांव आपणी खबर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स



www.sridungargarhtimes.com

WhatsApp 9414917401 दीपावली/धनतेरस विशेषांक ◆06 नवंबर 2026 शुक्रवार ◆श्रीडूंगरगढ़ * मूल्य : 5 रूपये ◆sridungargarhtimes.com ◆Email : sridungargarhtimes@gmail.com

TNJ
Luster your life

समस्त प्रदेशवासियों को धनतेरस व दीपावाली की हार्दिक शुभकामनाएं

उत्सव अनेक, पसंद सिर्फ एक आपका अपना ®

टी.एन. ज्वैलर्स

सोने व चाँदी के आभुषणों का हॉलमार्क ज्वैलरी शॉरूम

हजारों घरों का विश्वास टी.एन. ज्वैलर्स

ज्वैलरी कहीं से भी खरीदें

हॉलमार्क HUID लगा हुआ खरीदें

सावधान ! हमारे नाम से मिलते जुलते नकली ज्वैलरी शॉरूम से



निदेशक
तोलाराम जाखड़
श्रीडूंगरगढ़

17 YEARS
ज्वैलरी इण्डस्ट्रीज में 17 वर्षों का व्यापक अनुभव

BIS व HUID हॉलमार्क्ड आभूषण

TN Jewellers
tnj_bikaner

हैड ऑफिस : दुकान नं. 230A-231 बाबुजी प्लाजा, सार्दुल स्कूल के सामने बीकानेर मो. 8003555550
ब्रांच ऑफिस : रामस्नेही मार्केट, मैन बाजार, श्रीडूंगरगढ़, बीकानेर (राज) मो. 8890015888

tnjewelleres@gmail.com
www.tnjewellers.com

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401


नितिन नवीन
अमित शाह
राजनाथ सिंह
मदन राठौड़
दिया कुमारी
प्रेमचंद बैरवा
अर्जुनराम मेघवाल
मिथिलेश गौतम
श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा
के समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली
महापर्व की
हार्दिक बधाई एवं
उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं
इस पावन पर्व पर भगवान श्रीराम से यही अरज की
देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी शर्मा
के नेतृत्व में देश एवं राज्य उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर रहे।
यह दीपावली आप सभी के जीवन में
खुशियाँ, धन-धान्य लेकर आये।
शुभेच्छु
अनिल जोशी
प्रदेश संयोजक, भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारत वर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा युवक संघ



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

शुभ दीपावली

आपणो गांव आपणी खबर

www.sridungargarhtimes.com







108 गांवों और श्रीडूंगरगढ़ शहर की बदलेगी पेयजल तस्वीर, 663 करोड़ की नहरी जल परियोजना में घरों तक मीठा पानी पहुंचाने की कवायद

श्रीडूंगरगढ़। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के आने वाले वर्षों में पेयजल संकट से राहत की बड़ी उम्मीद जगी है। 663 करोड़ रुपए की लागत से श्रीडूंगरगढ़ शहर सहित 108 गांवों और ढाणियों तक नहर का मीठा पानी पहुंचाने वाली महत्वाकांक्षी पेयजल परियोजना का वर्कऑर्डर जारी पूर्व में ही हो गया था और जल्द ही धरातल पर कार्य शुरू होने की संभावना भी है। परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। सन 2004 से उठ रही इस चर्चा को पूर्ववर्ती सरकार के बाद इस सरकार ने आगे बढ़ाया है। इस परियोजना को क्षेत्र के भविष्य के लिए जरूरी माना जा रहा है। योजना के तहत 20 माह में कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के पूर्ण क्रियान्वयन से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में नहरी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। खास बात यह है कि नहरबंदी के दौरान भी क्षेत्रवासियों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध करवाने की व्यवस्था विकसित की जाएगी।

दो चरणों में विकसित होगा पेयजल तंत्र

663 करोड़ रुपए की इस परियोजना को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण में 285 करोड़ रुपए की लागत से 1916 एमएल क्षमता का रॉ वाटर डैम, 1865 केएलएच क्षमता का फिल्टर प्लांट तथा कंवर सेन लिफ्ट कैनाल से 40 क्यूसेक पानी प्राप्त करने की सुविधा विकसित की जाएगी। द्वितीय चरण में 372 करोड़ रुपए की लागत से 44 उच्च जलाशयों और 15 स्वच्छ जलाशयों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही 14 पंपिंग स्टेशन स्थापित होंगे। नहरबंदी के दौरान 30 दिन तक पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए पर्याप्त स्टोरेज क्षमता भी विकसित की जाएगी।

भूजल संकट से मिलेगी राहत, भविष्य की जरूरतों को मिलेगी मजबूती

श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में लगातार गिरता भूजल स्तर लंबे समय से चिंता का विषय बना हुआ है। कई स्थानों पर भूजल स्तर करीब दो हजार फुट तक पहुंचने की स्थिति आ गई है। क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति मुख्य रूप से नलकूपों पर निर्भर है, लेकिन लगातार बढ़ते जल दोहन के कारण भूजल की उपलब्धता व पानी की गुणवत्ता दोनों ही प्रभावित हो गई है। ऐसे हालात में नहरी पानी की आपूर्ति क्षेत्र के लिए भविष्य की बड़ी राहत साबित हो सकती है। इससे भूजल पर निर्भरता कम होने के साथ ही ग्रामीण और शहरी आबादी को नियमित पेयजल उपलब्ध करवाने का रास्ता मजबूत होगा।

2029 तक बढ़ी योजना, शहर के लिए 80 करोड़ की अलग योजना भी स्वीकृत

इस पेयजल परियोजना की अवधि वर्ष 2024 में समाप्त हो गई थी। विधानसभा में इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद योजना को वर्ष 2029 तक बढ़ाया गया है। इसके अतिरिक्त श्रीडूंगरगढ़ शहर के लिए 80 करोड़ रुपए की अलग पेयजल योजना भी स्वीकृत है। आने वाले समय में इन योजनाओं के धरातल पर पूर्ण होने से श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। नहरी पानी घर-घर पहुंचने से न केवल वर्तमान पेयजल संकट कम होगा, बल्कि तेजी से बढ़ती आबादी और भविष्य की जरूरतों के लिए भी क्षेत्र को मजबूत आधार मिलेगा।

पंचायती राज चुनावों में उत्साह के साथ शामिल हुआ पूरा अंचल, दुसारणा पीपासरिया हुआ चर्चित

श्रीडूंगरगढ़। क्षेत्र में श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति और नवगठित रीड़ी पंचायत समिति के लोग पंचायती राज चुनावों में उत्साह के साथ शामिल हुए। युवा, बुजुर्ग, महिला और पुरूष हर जाति वर्ग के लोग उत्साह के साथ इसमें शामिल हुए और अपनी भागीदारी निभाई। क्षेत्र में 3 नवंबर को पंचायती राज व जिला परिषद सदस्यों के चुनाव संपन्न हुए वहीं 5 नवंबर को सरपंच व पंच के चुनाव संपन्न हुए। सरपंचों चुनावों में मतदान प्रतिशत अधिक रहा और एक एक वोट के लिए गांव के घर घर ढाणी ढाणी संपर्क किया गया। क्षेत्र के बड़े गांव मोमासर व रीड़ी चर्चित रहें वहीं इंदपालसर गुसाईंसर, उदरासर, ठुकरियासर भी चर्चा में रहें। बिग्गा में 16 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा इसलिए बिग्गा चर्चा का केंद्र रहा। उपखंड अधिकारी झंवरलाल मित्तल व एरिया मजिस्ट्रेट रमेश सिंह चौहान ने चुनाव की कमान थामी और पुलिस व प्रशासनिक दलों ने पूरे दम खम के साथ शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाए। वहीं रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में आरएएस दंमयती कंवर व आरओ द्वितीय श्रीवर्द्धन शर्मा ने चुनाव संपन्न करवाए। इस दौरान प्रशासन व पुलिस टीमें पूरी तरह से एक्टिव रही। बता देवें अतिसंवेदनशील बूथों को लेकर विशेष रूप से सतर्कता बरती गई और पुलिस जाप्ते में दो दो हथियारबंद जवान भी तैनात किए गए। सीओ निकेत पारीक व थानाधिकारी कश्यपसिंह सहित बड़ी संख्या में जिले भर से ही नहीं बाहर के जिलों से भी जवान तैनात किए गए। जिन्होंने सुरक्षा की कमान संभाली। परिसीमन से नाराज एक गांव दुसारना पीपासरिया के ग्रामीणों ने पूरी तरह से चुनाव का बहिष्कार किया। ये चर्चा जिले भर में नहीं प्रदेश स्तर तक हुई। पीपासरिया में जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य, पंच सरपंच किसी के भी चुनाव में गांव के 718 में से एक भी वोटर ने अपना मत प्रयोग नहीं किया। कोटासर ग्राम पंचायत के इस गांव की मतपेटियां खाली की खाली ही रही।

संपादकीय

बदल रही है क्षेत्र की आबोहवा, व्यवहार में स्वच्छता आए तो बदले शहर की तस्वीर



कपिला स्वामी
संपादक

श्रीडूंगरगढ़ की आबोहवा बदल रही है। शहर की जीवनशैली में शहरी संस्कृति का प्रभाव बढ़ रहा है। बाजारों का विस्तार हो रहा है, रहन-सहन में बदलाव आ रहा है और विकास की नई संभावनाएं आकार ले रही हैं। इस बदलती तस्वीर को शहर का हर परिवार महसूस कर रहा है। लेकिन इन बदलावों के बीच श्रीडूंगरगढ़ की मिट्टी में रची-बसी एक खासियत आज भी बरकरार है, वह है अपनायत, आपसी सहयोग और सामाजिक जुड़ाव की संस्कृति। यह अपनायत आज भी चौपालों की बैठकों में, पान की दुकानों पर, घर के बाहर चौकियों पर, गली के नुक्कड़ पर या घर के आंगन में होने वाली चर्चाओं में और सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े होने के व्यवहार में दिखाई देती है। यही इस क्षेत्र की वास्तविक पहचान है। विकास के साथ व्यावसायिकता का बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन सामाजिक सरोकारों और मानवीय रिश्तों की यह पूंजी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। शहर और गांवों में विकास की चर्चा के साथ स्वच्छता का मुद्दा भी लगातार सामने आ रहा है। बुद्धिजीवी वर्ग हो या प्रवासी नागरिक, सभी समय-समय पर क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर देते रहे हैं। यह चिंता केवल नगर की सड़कों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण परिवेश में भी स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। बढ़ते शहर की पहचान केवल ऊंची इमारतों, चौड़े बाजारों और आधुनिक सुविधाओं से नहीं बनती। उसकी वास्तविक तस्वीर तब बदलती है, जब गलियां साफ हों, सार्वजनिक स्थल कचरे से मुक्त हों और नागरिक अपने आसपास की स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी समझें। आखिरकार, स्वच्छता केवल नगरपालिका या ग्राम पंचायत का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामाजिक कर्तव्य है। स्वच्छता के लिए सरकारी अभियान और प्रशासनिक प्रयास अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन स्थायी बदलाव तभी संभव है जब स्वच्छता व्यवहार में उतर जाए। घरों से निकलने वाले कचरे का उचित प्रबंधन हो, गीले और सूखे कचरे को अलग रखा जाए, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डाला जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने से बचा जाए। इसमें गृहिणियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। घरों में कचरा प्रबंधन की आदत विकसित करने से स्वच्छता की शुरुआत परिवार से हो सकती है। बच्चों में भी बचपन से स्वच्छता के संस्कार विकसित किए जाएं तो आने वाली पीढ़ी अधिक जिम्मेदार नागरिक बनेगी। शहर के साथ गांवों में भी स्वच्छता को लेकर सामूहिक जागरूकता आवश्यक है। ग्राम पंचायतें, सामाजिक संस्थाएं, व्यापारी वर्ग, युवा और आम नागरिक मिलकर इस दिशा में प्रभावी पहल कर सकते हैं। श्रीडूंगरगढ़ की पहचान उसकी अपनायत और सामाजिक समरसता से है। अब समय है कि इस पहचान में स्वच्छता का एक नया अध्याय भी जुड़ जाए। बदलती आबोहवा के साथ शहर और गांव आधुनिकता की ओर बढ़ें, लेकिन अपने परिवेश को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी भी समान रूप से निभाएं। यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर, गली, मोहल्ले और गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प ले, तो प्रशासनिक प्रयासों को भी मजबूती मिलेगी। विकास की नई बयार के साथ स्वच्छता का व्यवहार भी बहने लगे, तो श्रीडूंगरगढ़ की तस्वीर ही नहीं, उसकी पहचान भी और अधिक सुंदर हो सकती है।



श्रीडूंगरगढ़ मार्केट प्लस

सामान ऑनलाईन नहीं, आपके अपने व्यापारियों से ही खरीदें, यह दीवाली हो अपनो वाली

धनतेरस, दीपावली पर हर परिवार, हर घर में खरीददारी का उत्साह चरम पर रहता है, ऐसे में यह पेज आप सभी के लिए खरीददारी के लिए उपयोगी रहेगा

बर्तनों की करनी हो खरीददारी तो सर्वोत्तम स्थान- सिंवर बर्तन भंडार

श्रीडूंगरगढ़। धनतेरस का पर्व हर घर में बर्तनों की खरीददारी के बिना अधूरा ही माना जाता है और हर घर के लिए बर्तनों की खरीददारी के लिए शहर का सर्वोत्तम स्थान बन चुका है मुख्य बाजार में टीएम प्लाजा स्थित सिवंर बर्तन भंडार। यहां त्योहारों के अवसर पर बर्तनों की खरीद की परंपरा को देखते हुए प्रतिष्ठान पर बर्तनों का विशाल संग्रह तैयार किया गया है। संचालक दौलतराम एवं मनफूल सिंवर ने बताया कि दुकान में धनतेरस के लिए विशेषतया स्टील, तांबा, पीतल, एल्यूमिनियम सहित आधुनिक किचन वेयर के बर्तनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है और होलसेल एवं रिटेल दोनों प्रकार के ग्राहकों के लिए उचित दरों पर बर्तन उपलब्ध करवाए गए है। धनतेरस पर पूजन एवं घरेलू उपयोग के तांबे-पीतल के बर्तनों से लेकर आधुनिक रसोई के बर्तनों की खरीदारी के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। ग्राहक अधिक जानकारी व संपर्क के लिए 8079011778 अथवा 8949919599 पर संपर्क कर सकते हैं।

त्यौंहार पर सजाना है घर तो पहुंचें स्नेह मिलन म्यूजिक महल, इलेक्ट्रोनिक सामान भी उपलब्ध

श्रीडूंगरगढ़। त्यौंहार पर अपने घर को सजाना हर परिवार के लिए मनमोहक काम होता है एवं इस काम में आप सभी का साथ देने के लिए पुराने बस स्टैण्ड़ के पास मालजी नाई के कटले में स्थित स्नेह मिलन म्यूजिक महल में घर की सजावट और दैनिक उपयोग के लिए प्रतिष्ठान पर इलेक्ट्रॉनिक सामानों की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है। यहां दीपावली के लिए विशेष रूप से रंग-बिरंगी लाइटों की अनेक वैरायटी मंगवाई गई हैं। इसके साथ ही यहां किसान टॉर्च, स्पीकर, होम थिएटर, पंखे, स्टेपलाइजर, एल.ई.डी. टी.वी., सभी प्रकार की डिश, एलईडी बल्ब, मिक्सी, गैस चूल्हे और इलेक्ट्रिक चूल्हे सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान उचित दामों पर उपलब्ध हैं। प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर बनवारीलाल नाई एवं विशाल ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा और त्योहार की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सभी आधुनिक व उपयोगी इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं। ग्राहक अधिक जानकारी व खरीदारी के लिए 9784456674 या 9680064538 पर संपर्क कर सकते हैं।





इलेक्ट्रोनिक्स एवं होम अप्लायंसेज की विस्तृत रेंज लेकर सेवा में समर्पित है जगदम्बा इलेक्ट्रॉनिक्स

श्रीडूंगरगढ़। धनतेरस और दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में श्रीडूंगरगढ़ के मुख्य बाजार में मोचीवाड़ा प्याऊ के पास स्थित जगदम्बा इलेक्ट्रोनिक्स में इलेक्ट्रोनिक्स एवं होम अप्लायंसेज की विस्तृत रेंज तैयार किया गया है। यहां पर इन्वर्टर-बैटरी, पंखा, कूलर, मिक्सर, जूसर, बिलौना मशीन, गीजर, हीटर, गैस चूल्हा, प्रेस, पानी की मोटर सहित सभी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक सामान उपलब्ध है। यहां एंकर, बजाज, बीपीएल, वी-गार्ड, क्रॉम्पटन, एस्ट्रल पाइप्स और वॉटरटेक जैसी प्रमुख कंपनियों के उत्पाद उचित दरों पर मिल रहे हैं। प्रतिष्ठान के मदनसिंह एवं जेठुसिंह (पुन्दलसर) ने बताया कि त्योहारों पर ग्राहकों की जरूरत और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आधुनिक उत्पादों की पूरी वैरायटी रखी गई है। ग्राहक संपर्क व खरीदारी के लिए 9351710122 पर संपर्क कर सकते हैं।

केएसएस ज्वैलर्स पर आकर्षक स्वर्ण व रजत आभूषणों का शानदार संग्रह उपलब्ध

श्रीडूंगरगढ़। धनतेरस पर शुभ खरीदारी की परंपरा को देखते हुए पुरानी घास मण्डी स्थित केएसएस ज्वैलर्स (काशीराम शिवलाल सारस्वत, मोट) शोरूम में सोने एवं चांदी के नए व पारंपरिक आभूषणों का आकर्षक संग्रह तैयार किया गया है। पुरानी घास मंडी में पीएनबी बैंक के पास स्थित प्रतिष्ठान पर कुन्दन, मीना, पोलकी, डायमण्ड एवं फैंसी डिजाइनों के सोने-चांदी के तैयार आभूषण उपलब्ध हैं, साथ ही ग्राहकों की पसंद के अनुसार ऑर्डर पर भी जेवर तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा धनतेरस पूजन के लिए शुद्ध चांदी व सोने के सिक्के भी उपलब्ध हैं। प्रतिष्ठान की ओर से बताया गया कि शुद्धता और आधुनिक डिजाइनों के साथ ग्राहकों का स्वागत किया जा रहा है। आभूषणों से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए ग्राहक 9929372672, 9024462057 या 9672662455 पर संपर्क कर सकते हैं।

जेपी इन्टरप्राईजेज द्वारा इलेक्ट्रोनिक्स उत्पादों पर दिया जा रहा है 10 से 70 प्रतिशत का डिस्काऊंट

श्रीडूंगरगढ़। धनतेरस और दीपावली के पावन पर्व पर पुरानी घास मंडी के पास स्थित गणपति प्लाजा में संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स सुपरमार्केट 'जेपी इन्टरप्राईजेज' ग्राहकों के लिए भारी छूट लेकर आया है। त्योहारी सीजन के उपलक्ष्य में यहां सभी शीर्ष कंपनियों के इलेक्ट्रोनिक्स उत्पादों पर एमआरपी (MRP) से 10 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है। यहाँ पंखे, कूलर, एसी, फ्रिज, मिक्सी, गैस चूल्हे, एलईडी टीवी, होम थिएटर, किचन अप्लायंसेज, इन्वर्टर-बैटरी तथा सोलर प्रोजेक्ट वाजिब दामों पर उपलब्ध हैं। प्रतिष्ठान पर 0 प्रतिशत फाइनेंस (Bajaj Finserv) की सुविधा, गारंटीड सबसे कम दाम, एक्सटेंडेड वारंटी और बेहतर आफ्टर-सेल्स सपोर्ट की पेशकश की गई है। इसके अलावा मित्सुबिशी, ओ-जनरल, वोल्टास, डाइकिन, एलजी, गोदरेज और लॉयड जैसी प्रमुख कंपनियों के अधिकृत एसी डीलर और स्पेयर पार्ट्स भी उपलब्ध हैं। संचालक जय प्रकाश तोलम्बिया एवं रमेश राजपुरोहित ने बताया कि ग्राहकों को ऑनलाइन से भी बेहतर डील्स ऑफलाइन स्टोर पर मिल रही हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9649366007 या टोल फ्री नंबर 9395390000 पर संपर्क किया जा सकता है।

शानदार स्वाद एवं शुद्धता के साथ मिठाई का केन्द्र बना-श्याम मिष्ठान भण्डार

श्रीडूंगरगढ़। त्योहारों पर आमजन के जीवन में मिठास घोलने के लिए घूमचक्कर पर आशीष होटल स्थित श्याम मिष्ठान भंडार पर शुद्ध देशी घी से निर्मित ताजा व पारंपरिक मिठाइयों की विशेष किस्में तैयार की गई हैं। यहाँ शुद्ध देशी घी की मिठाइयों के साथ-साथ ताजा मावा, पनीर, रसगुल्ला, गुलाब जामुन और नमकीन के थोक व खुदरा विक्रय की व्यवस्था है। इसके साथ ही शादी-विवाह और आगामी मांगलिक पार्टियों के लिए भी मिठाइयों के थोक ऑर्डर बुक किए जा रहे हैं। प्रतिष्ठान के संचालक रामरतन मूण्ड और हंसराज माचरा ने बताया कि शुद्धता और उत्तम स्वाद को प्राथमिकता देते हुए ग्राहकों के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। ऑर्डर व पूछताछ के लिए 9079821005 या 7742674157 पर संपर्क किया जा सकता है।

त्यौंहारों पर जारी रखें पार्टी का ट्रेंड, बाबुड़ी फास्टफूड रेस्टोरेंट से मंगवाएं होम डिलीवरी

श्रीडूंगरगढ़। कस्बे के रानी बाजार में स्थित बाबुडी फास्टफुड के लजीज व्यंजनों का स्वाद तो सभी ने चखा ही होगा एवं इस त्यौंहार की व्यस्तता में भी पार्टी जारी रखने का ट्रेंड में बाबुडी फास्टफुड रेस्टोरेंट द्वारा होम डिलेवरी दी जा रही है। बाबुडी फास्टफूड के भाजपा महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष रेखा भादानी एवं हेमराज भादानी ने बताया कि 'हर डिश में स्वाद, हर बार ख़ास' के वादे के साथ संचालित इस रेस्टोरेंट में बर्गर, पिज्जा, नूडल्स, सैंडविच, मोमोज और कोल्ड ड्रिंक सहित कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध हैं। यहाँ परिवार के साथ बैठकर भोजन का आनंद लेने के लिए स्वच्छ माहौल और बेहतरीन व्यवस्था मौजूद है। इसके साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए समय पर सुरक्षित 'होम डिलीवरी' सेवा भी प्रदान की जा रही है, ताकि लोग घर बैठे ही पसंदीदा व्यंजनों का स्वाद ले सकें। रेस्टोरेंट से ऑर्डर करने अथवा संपर्क के लिए 9602290349 या 9145940072 पर कॉल किया जा सकता है।

साफ, सुथरा और बिना मिलावट का किराने के सामान की उपलब्धता है मिशन, राधेश्याम - महेश कुमार

श्रीडूंगरगढ़। दीपावली पर सबसे महत्वपूर्ण स्थान बन जाती है घर की रसोई, क्योंकि सभी पकवान और त्यौंहारी भोजन में घरों की मालकिन जुटी रहती है। ऐसे में रसोई तक एकदम साफ सुथरा एवं बिना मिलावट का किराने का सामान पहुंचें यह मिशन बना रखा है कस्बे में अमीर पट्टी में स्थित राधेश्याम-महेश कुमार फर्म ने। प्रतिष्ठान के संचालक राधेश्याम और महेश कुमार ने बताया कि त्योहारों के इस पावन अवसर पर ग्राहकों को शुद्ध, उत्तम गुणवत्ता वाले खाद्यान्न और दैनिक उपभोग की किराना सामग्री उचित व किफायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिष्ठान पूरी तरह समर्पित है। यहां सभी प्रकार का रसोई का सामान, किराने का सामान, ड्राई फ्रूट, चायपत्ती, घी-तेल व खादय पदार्थ उचित रेट पर उपलब्ध है। इस संबध में अधिक जानकारी के लिए 9636448638, 8003310075 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

एलआईसी करवानी हो या करना हो इन्वेस्टमेंट, वित्तीय सेवाओं का विश्वसनीय केन्द्र- श्याम कंसल्टेंसी

श्रीडूंगरगढ़। वित्त प्रबंधन आज के जीवन में सबसे अधिक महत्वपूर्ण हो गया है एवं इसमें आमजन की मदद करते है फाईनेंस एडवाईजर, श्रीडूंगरगढ़ शहर में विश्वसनीय वित्तीय सलाह सेवाओं का कार्य किया जा रहा है श्याम कंसल्टेंसी द्वारा। संस्थान के वित्तीय सलाहकार अशोक परिहार एवं पवन परिहार ने बताया कि सही वित्तीय योजना बनाकर भविष्य को सुरक्षित करना आवश्यक है। श्याम कंसल्टेंसी पर भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC), भारतीय डाक (India Post) बचत योजनाएं, म्यूचुअल फंड एसआईपी (SIP) और हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे सुलभ कराई जा रही हैं। इस संबध में अधिक जानकारी के लिए 9829700725 एवं 9314149053 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

त्यौंहार पर गिफ्ट, खिलौने, फैंसी सामान, घरेलू सामान या लेना हो सौंदर्य प्रसाधन, शहर की सबसे बड़ी दुकान न्यू मिनर्वा की विजिट जरूर करें

श्रीडूंगरगढ़। कस्बे पुरानी घास मंडी में पंजाब नेशनल बैंक के पास स्थित न्यू मिनर्वा AtoZ फैंसी स्टोर ऐसा स्थान बन चुका है जहां चाहे गिफ्ट लेना हो या चाहे बच्चों को खिलौने दिलाने हो, घरों की सजावट के लिए फैंसी सामान हो या चाहे घरों में काम आने वाले सामान्य सामान हो या चाहे सौंदर्य प्रसाधन के सामान हो, सभी कुछ एक ही छत के निचे विस्तृत वैरायटी के साथ मिलता है। प्रतिष्ठान के संचालक भैरूदान मोहता एवं बालकिशन मोहता ने बताया कि उनके यहां ग्राहकों की सुविधा के लिए एक ही छत के नीचे गिफ्ट आइटम, कॉस्मेटिक, मनिहारी, बच्चों व बड़ों की साइकिल, वॉकर, किचन अप्लायंस और क्रॉकरी का विशेष और विशाल संग्रह उचित दरों पर उपलब्ध कराया गया है। शहरवासी किसी भी प्रकार के घरेलू सामान की खरीद से पहलें एक बार उनके प्रतिष्ठान की विजिट जरूर करें। अधिक जानकारी के लिए 9414429209 एवं 9509553023 पर सम्पर्क किया जा सकता है।







रंगोली, फूलों की सजावट और पारंपरिक दीयों से घर को दें खास अंदाज, स्थानीय कारीगरों के हुनर को भी मिले सम्मान

मिट्टी के दीपक से सजाएं घर-आंगन, गरीबों के घरों में भी फैलाएं रोशनी-राधेश्याम सारस्वत

श्रीडूंगरगढ़। दीपावली का त्योहार आते ही घरों में रौनक बढ़ने लगती है। कहीं रंगोली सजाने की तैयारी होती है तो कहीं घर के आंगन को फूलों और रोशनी से सजाया जाता है। बाजारों में भी दीये, सजावटी सामान और पारंपरिक वस्तुओं की खरीदारी शुरू हो जाती है। दीपावली केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपराओं और पारिवारिक खुशियों से जुड़ा उत्सव है और ऐसे में हमारी जिम्मेदारी यह भी बनती है कि हम चाईनीज सजावटों के सामान की खरीददारी के बजाए मिट्टी के दिए की खरीददारी कर मेहनतकश लोगों के घरों में भी त्योंहार की खुशियां फैलाएं।

मिट्टी के दीयों, रंगोली, फुलों से बढ़ाएं घर की सुंदरता

श्रीडूंगरगढ़। दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाने की परंपरा सदियों पुरानी है। अलग-अलग आकार और रंगों के दीयों से घर के दरवाजे, आंगन और छत को आकर्षक बनाया जा सकता है। इस बार स्थानीय कुम्हारों से दीये खरीदकर उनके हुनर और मेहनत को सम्मान दें। इसी प्रकार रंगोली दीपावली की सजावट का खास हिस्सा है। फूलों, रंगों और चावल के आटे से पारंपरिक डिजाइन बनाकर घर के प्रवेश द्वार को सुंदर बनाया जा सकता है। बच्चे भी इस रचनात्मक गतिविधि में उत्साह से हिस्सा ले सकते हैं। ऐसे ही गेंदे के फूलों की लड़ियां, आम के पत्तों के तोरण और पारंपरिक बंदनवार से घर को आकर्षक रूप दिया जा सकता है। सजावट में पुरानी चीजों का रचनात्मक इस्तेमाल करके भी नया लुक तैयार किया जा सकता है। दीपावली पर परिवार के सभी सदस्य मिलकर घर सजाएं, पूजा की तैयारी करें और एक-दूसरे के साथ समय बिताएं। बच्चों को भी त्योहार की परंपराओं और उनके महत्व के बारे में बताएं। तो आईये इस दीपावली अपने घर को रोशनी और रंगों से सजाएं, परंपराओं को सहेजें और खुशियां अपनों के साथ बांटें।



स्थानीय बाजार और कारीगरों को दें बढ़ावा

श्रीडूंगरगढ़। त्योहार पर मिट्टी के दीये, हस्तनिर्मित सजावटी सामान और स्थानीय उत्पाद खरीदकर छोटे व्यापारियों तथा कारीगरों को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। इससे त्योहार की खुशियों के साथ स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलता है।

त्योहार की मिठास सेहत पर न पड़े भारी

इस दिवाली घर पर बनाएं मिठाई और नमकीन- स्वाद भी, शुद्धता भी

गुजिया से लेकर मठरी और शक्करपारे तक, घर की रसोई में तैयार करें त्योहार के पारंपरिक पकवान

श्रीडूंगरगढ़। दीपावली खुशियों, मेल-मिलाप और पकवानों का त्योहार है। इस अवसर पर घरों में तरह-तरह की मिठाइयां, नमकीन और स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए जाते हैं। मेहमानों का स्वागत भी मिठाइयों से होता है, लेकिन त्योहार की इस मिठास के बीच सेहत का ध्यान रखना भी जरूरी है। त्योहारों के दौरान जरूरत से ज्यादा मीठा, तला-भुना और भारी भोजन करने से पाचन संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। एक साथ अधिक मिठाई खाने के बजाय थोड़ी मात्रा में मिठाई का आनंद लें। वहीं मधुमेह के मरीज डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही मीठे का सेवन करें। त्योहार पर नमकीन और पकवानों का आनंद लेना स्वाभाविक है, लेकिन इनके साथ फल, सलाद, सूखे मेवे और घर पर बने हल्के व्यंजन भी शामिल करें। त्योहार की व्यस्तता में पर्याप्त पानी पीना, समय पर भोजन करना और पूरी नींद लेना न भूलें। भोजन के बाद थोड़ी देर टहलना भी पाचन के लिए लाभदायक हो सकता है।

खास बात

घर पर पकवान बनाते समय साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।अच्छी गुणवत्ता वाली सामग्री इस्तेमाल करें और तैयार खाद्य पदार्थों को सूखे, साफ तथा एयरटाइट डिब्बों में रखें। इस दीपावली रसोई में अपनों के लिए अपने हाथों से बने पकवान तैयार करें और त्योहार की खुशियों को दोगुना बनाएं।

1. मावा गुजिया


रितु मालू

सामग्रीः मैदा, घी, मावा, बूरा या चीनी, कटे हुए बादाम, काजू, किशमिश और इलायची।

विधि-सबसे पहले मैदा में थोड़ा घी मिलाकर नरम आटा गूंथ लें। अब मावे को हल्का भूनकर उसमें बूरा, मेवे और इलायची मिलाएं। आटे की छोटी पूरियां बेलें, उनमें भरावन डालकर गुजिया का आकार दें और किनारों को अच्छी तरह बंद करें। धीमी आंच पर सुनहरा होने तक तलें।

2. कुरकुरी मठरी


वीना रिझवानी

सामग्री- मैदा, सूजी, अजवाइन, नमक, घी और आवश्यकतानुसार पानी।

विधि- मैदा और सूजी में अजवाइन, नमक तथा मोयन के लिए घी मिलाएं। थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर सख्त आटा गूंथें। छोटी मठरियां बनाकर कांटे से छेद करें और धीमी आंच पर सुनहरा होने तक तलें।

3. मीठे शक्करपारे


मधु झाबक

सामग्री- मैदा, चीनी, घी और इलायची।

विधि- मैदा में घी मिलाकर आटा गूंथें। इसे मोटी रोटी की तरह बेलकर छोटे टुकड़ों में काट लें। धीमी आंच पर तलें। दूसरी ओर चीनी की हल्की चाशनी तैयार करें और तले हुए शक्करपारों को उसमें मिलाकर ठंडा होने दें।







प्रो. बनवारीलाल नाई
मो. 9784456674
विशाल- 9680064538
स्नेह मिलन म्यूजिक महल
हमारे यहां किसान टॉर्च, स्पीकर, होमथिएटर, पंखा, स्टेपलाईजर, एल.ई.डी. टी.वी., सभी प्रकार की डिश व इलेक्ट्रोनिक सामान मिलता है।
एलर्डडी बल्ब, मिक्सी, गैस व इलेक्ट्रिक चुल्हे
दीपावली पर रंग बिरंगी लाईटों की अनेक वैरायटी उपलब्ध।
धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मालजी नाई का कटला, बस स्टैंड के पास, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)

AngelOne
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Agent & User Feedback
AngelOne iTrade
Premium Pro PLUS
30 GLORIOUS YEARS
Bhikharam's Ratings:
5 From 17 Reviews
Scan this QR code to open an account with Angel One
JODHBBKI
Invest through our official channels for reliable service.
Angel One Limited is now officially a Verified App on the Google Play Store.
भीखाराम सुथार
भीखाराम - ऑथराइज्ड चैनल पार्टनर
पंजीकरण संख्या : INZ000161534
90011222407
Bhikharam.mandan@gmail.com
SASAR MAL RAM CHANDRA DAGA KATLA, GROUND FLOOR, NEAR BANK OF BARODA, STATION JHAR, SRI DUNGARGARH, BIKANER, RAJASTHAN 331803
Investments Standard in securities market are subject to market risks, read all the related documents carefully before investing 'Angel One Limited (formerly known as Angel Broking Limited). Registered Cnce: 601, 6th Floor, Ackrull Eior, Central Road, MIDC Andheri East. Mumbai – 400093. Tel: 080-87430044. CIN. L67120MH1998PLC101709, SEBI Regn. No : INZ000181534-BSE Cash/F&O/CD (Member ID: 812), NSE Cash/F&O/CD (Member ID: 12785), MSEI Cash/F&O/CD (Member ID: 10300), MCX Commodity Derivatives (Member ID: 12685) and NCDEX Commodity Derivatives (Member ID: 220), CDSL Regn. No.: IN-DP-384-2018, PMS Regn. No.: INP000001946, Research Analyst SEBI Regn. No.: INH000000184, Investment Adviser SEBI Regn. No.: INA00008172, AMFI Regn. No.: ARN-77404, PFRDA Registration No.19092218. Compliance Officer: Mr. Binaet Jha, Tel. (022) 39413940 Email: compliance@angelone.in

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मदनसिंह
जेठुसिंह
जगदम्बा इलेक्ट्रॉनिक्स
ANCHOR by Panasonic
BAJAJ Bajaj Electricals Ltd. Inspiring Trust
BPL
V-GUARD Bring home a better tomorrow
ASTRAL PIPES
WATERTEC A truly global company
Crompton
इन्वर्टर – बैटरी, पंखा, कूलर, मिक्सर, जूसर, बिलौना मशीन, गीजर, हीटर, गैस चुल्हा, प्रेस, पानी मोटर एवं सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामान के विक्रेता
स्थान – भोलेनाथ पान भण्डार के सामने, मोचीवाड़ा प्याऊ के पास
मेन बाजार, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)
जेठुसिंह (पुन्दलसर) 9351710122

श्रीडूंगरगढ़ मार्केट प्लस

1960 से सेवारत श्री करणी मोटर्स बना मशीनरी क्षेत्र में सिरमौर, शहर में है दो ब्रांचें, घर की मशीनरी लेने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान

श्रीडूंगरगढ़। घरों में मशीनरी के बिना आज कोई भी कार्य संभव ही नहीं रहा एवं ऐसे दौर में शहर का सबसे विश्वसनीय स्थान बना हुआ है श्री करणी मोटर्स, वर्ष 1960 से टूल्स-सेवा में समर्पित श्री करणी मोटर्स को क्षेत्रवासियों का प्यार भी लगातार मिला है एवं हाल ही में आपने घूमचक्कर के साथ साथ झवंर बस स्टेण्ड पर अपनी दूसरी ब्रांच और कर ली गई।श्री करणी मोटर्स के बी.एस. चारण एवं एस.एस. चारण ने बताया कि झवंर बस स्टैण्ड होटल इंद्रलोक के सामने एवं घूमचक्कर पर कर्वा पेट्रोल पंप के पास स्थित दोनों शोरूमों पर पावर टूल्स, मोटरें, मशीनरी, स्पेयर पार्ट्स, पम्प, कम्प्रेसर्स, लुब्रीकेन्ट, ऑयल, ग्रीस, सेफ्टी उत्पाद, घरेलू सामान, कटिंग ब्लेड्स, इंजन, इंडस्ट्रियल लाइट, वेल्डिंग मशीन, आटा चक्की, फैन बेल्ट, हाइड्रोलिक ज्वॉइंट्स, होम अप्लायंसेज, ड्रिपिंग पाइप, मिक्सर मशीन, क्रेन मशीन व सॉल्यूशन पेस्ट सहित विभिन्न प्रमुख ब्रांडेड कंपनियों (Bosch, DeWalt, Makita, Stanley, Venus, SKF, NTN, Timken, Loctite, WD-40, 3M आदि) के ओरिजिनल उत्पाद उचित दरों पर उपलब्ध हैं। घरों में आटा चक्की, पानी की मोटर, बिलौना मशीन से लेकर समस्त प्रकार की मशीनरी यहां उपलब्ध रहती है। अधिक जानकारी के लिए 9414404543, 7340454367 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

बाइटबॉक्स कैफे से मिला स्वाद का नया ठिकाना, आधुनिक इंटिरियर के साथ स्वाद का संगम

श्रीडूंगरगढ़। देश भर में फूड चैन ब्रांड में अपना विशेष स्थान बना चुके बाइटबॉक्स कैफे एंड मोर का आउटलेट अब श्रीडूंगरगढ़ में भी खुल चुका है। शहर में स्टेशन रोड़ पर हाजी टेलीकॉम के सामने शुरू हुए इस शानदार कैफे क्षेत्रवासियों के लिए आधुनिक इंटिरियर के साथ स्वाद के संगम वाली जगह बन चुका है। संचालकों ने बताया कि त्यौंहारी सीजन और छुट्टियों के दौरान दोस्तों और परिवार के साथ बैठने व लजीज व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए कैफे में विशेष व्यवस्था की गई है। यहाँ ग्राहकों को बर्गर, पिज्जा, स्नैक्स, बेवरेजेज, पास्ता, नूडल्स और डिजर्ट्स सहित विविध प्रकार के स्वादिष्ट फास्ट फूड व पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए 96800 20772 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ब्रांडेड ग्रीन पटाखों का महाभंडार, सबसे सस्ते एवं सबसे अच्छे पटाकों की गारंटी- जैन स्टोर

श्रीडूंगरगढ़। दीपावली पर्व पर आतिशबाजी के बिना तो त्यौंहार पुरा ही नहीं हो पाता एवं ऐसे में आतिशबाजी के शौकीनों के लिए अच्छे पटाकों की खरीददारी सबसे बड़ी टास्क होती है। ऐसे में पटाकें ब्रांडेड मिले, अच्छी क्वालिटी के मिले और बाजार में सबसे सस्ते मिलें तो पटाकों के शौकिनों के लिए उपयुक्त जगह बन जाती है। श्रीडूंगरगढ़ बाजार में ऐसी ही जगह है हाईस्कूल रोड़ स्थित जैन स्टोर, जहां पर बाजार भाव से कम दामों व होलसेल दरों पर ही घरेलू खुदरा ग्राहकों को पटाकें दिए जाते है। जैन स्टोर के महेन्द्र मालु ने बताया कि उनके यहां पर अनिल, स्टैंडर्ड, कोक, चीमा, सोनी, मर्करी सहित नामी कंपनियों के ग्रीन पटाखे उपलब्ध हैं। मालु ने अपने यहां पटाखों पर 100त्न रेट गारंटी का दावा भी किया है। पटाकों के अलावा भी स्टेशनरी, गिफ्ट आईटमों, खेल सामानों, गुलाल एवं रंगों की विशाल रेंज यहां हर समय उपलब्ध रहती है। अधिक जानकारी के लिए 9414397647 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जन-जन की सेवा का स्थाई पता- सिद्धि विनायक स्टोर, ई-मित्र, किताबें, स्टेशनरी की बेहतरीन सेवाएं

श्रीडूंगरगढ़। नेशनल हाईवे-11 पर घूमचक्कर स्थित 'सिद्धि विनायक स्टोर' श्रीडूंगरगढ़वासियों के लिए सेवा का स्थाई पता बन गया है। यहां पर ईमित्र के माध्यम से जहां समस्त प्रकार के फॉर्म भरने, विभिन्न प्रमाण पत्रों के आवेदन करने, पासपोर्ट सेवा से जुडने सहित समस्त प्रकार के ई-मित्र कार्य पूर्ण विश्वसनीय तरीके से किए जाते है। साथ ही यहां पर बुक स्टोर के माध्यम से प्रतियोगी परिक्षाओं कि समस्त किताबें क्षेत्र के युवाओं को उपलब्ध करवाई जा रही है। संचालक सहीराम मेघवाल ने बताया कि उनके यहां गारंटी के साथ ई-मित्र सेवाओं, सबसे सस्ती, अच्छी क्वालिटी की स्टेशनरी, जनरल स्टोर व सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं, स्कूलों के लिए बुक्स कलेक्शन की सेवाएं लगातार दी जा रही है। बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी आदि के लिए तो यही स्थान सबसे शानदार बना हुआ है। अधिक जानकारी के लिए 8290500541 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

एंजलवन के माध्यम से पाएं शेयरमार्केट की अनुभवी सलाह, इस दीपावली शुरू करें अपना इन्वेस्टमेंट।

श्रीडूंगरगढ़। देश भर में अपनी विशिष्ट सेवाओं से वित्तीय निवेश एवं शेयर बाजार क्षेत्र की विशिष्ट फर्म बनी हुई प्रमुख फर्म एंजेल-वन की अधिकृत सेवाएं श्रीडूंगरगढ़ में भी जारी है। यहां पर एंजेल-वन के अधिकृत चैनल पार्टनर भीखाराम सुथार ने बताया कि 30 वर्षों के विश्वास के साथ एंजल-वन वित्तिय क्षेत्र में कार्य कर रही है एवं यह पूर्णतया आधिकारिक व विश्वसनीय प्लेटफॉर्म है सुरक्षित निवेश करने का। कस्बे में बडौदा बैंक के पास सागरमल रामचंद्र डागा कटले के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित इस केन्द्र से शेयर मार्केट की अनुभवी सलाह भी क्षेत्रवासियों को लगातार मिल रही है। भीखाराम सुथार ने अपने सुरक्षित भविष्य के लिए इस दीपावली पर इन्वेस्टमेंट की आदत को भी जीवन में शामिल करने का आह्वान किया है। अधिक जानकारी के लिए 90011222407 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ क्षेत्रवासियों की सेवा में स्थाई रूप से समर्पित-तुलसी मेडिकल एवं रिसर्च सेंटर

श्रीडूंगरगढ़। कस्बे में सर्वोत्तम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रसिद्ध तुलसी मेडिकल एण्ड रिसर्च सेन्टर ऐसा संस्थान बन चुका है, जिसने श्रीडूंगरगढ़ को चिकित्सा सेवा में गर्व भी दिलवाया है। तुलसी सेवा संस्थान कोलकाता द्वारा संचालित इस चिकित्सालय में सी.टी. स्कैन, डिजिटल व ओ.पी.जी. एक्स-रे, 24 घंटे कम्प्यूटरीकृत पैथोलॉजी लैब, 4छ सोनोग्राफी, हार्मोन जांच मशीन व सीबीसी ऑटोमैटिक मशीन आदि से जांचों की सेवाएं, दूरबीन (लेप्रोस्कोपी) पद्धति से ऑपरेशन, वेंटिलेटर व डीफिब्रिलेटर युक्त आईसीयू, नवजात शिशुओं के लिए वातानुकूलित गहन चिकित्सा वार्ड (ह्ढछ्ट) आदि से सर्जरी व क्रिटिकल केयर सेवाएं, वातानुकूलित प्रसूति गृह (नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी), दंत चिकित्सा, 24 घंटे ब्लड बैंक, एम्बुलेंस सेवा तथा रियायती दरों पर दवाइयां आदि की सेवाएं लगातार क्षेत्रवासियों को दी जा रही है। संस्थान के अध्यक्ष भीखमचन्द पुगलिया, मंत्री धर्मचंद धाड़ेवा और चिकित्सालय प्रशासक सूर्य प्रकाश गांधी ने बताया कि अस्पताल में डॉ. एन.पी. मारू, डॉ. रामानन्द सिद्ध, डॉ. प्रीति अग्रवाल, डॉ. प्रवीण कुमार गुप्ता, डॉ. आर.के. सुथार, डॉ. जहांगीर खान, डॉ. गौरव सिंघल, डॉ. अरिहन्त बैद व डॉ. बसन्ता सुथार नियमित सेवाएं दे रहे हैं। वहीं बीकानेर, जयपुर, दिल्ली आदि बड़े शहरों से साप्ताहिक विजिट में विभिन्न सुपर-स्पेशलिस्ट चिकित्सक भी परामर्श भी देते हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता का केन्द्र बना संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

श्रीडूंगरगढ़। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता का केन्द्र बन चुका है संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जहां क्षेत्रवासियों को उच्चस्तरीय एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं निरंतर उपलब्ध कराई जा रही हैं। अस्पताल में फिजिशियन, जनरल सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ई.एन.टी. (कान, नाक, गला) तथा डायलिसिस की विशेष सुविधाएं मौजूद हैं। इसके अलावा 24 घंटे आपातकालीन सेवा (24×7 Emergency Services), पूर्णतया कम्प्यूटराइज्ड वातानुकूलित पैथोलॉजी लैब व एक्सरे तथा साधारण व रंगीन सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है। वहीं गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष बच्चेदानी की सोनोग्राफी (TVS) रियायती दरों पर की जा रही है। प्रतिष्ठान व चिकित्सालय प्रबंधन से जुड़े ओमप्रकाश तावणियाँ, इन्द्रचन्द तावणियाँ, डॉ. किशनलाल तावणियाँ एवं रमेश तावणियाँ ने नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य व खुशहाली की कामना की है। संपर्क व आपातकालीन जानकारी के लिए 9414498015, 9314929362, 9982349690 तथा 9024690435 पर संपर्क किया जा सकता है।

टी.एन. ज्वैलर्स त्यौहारों के मौके पर घर लाएं शुद्धता और नए कलेवर के साथ के गहने

श्रीडूंगरगढ़। त्योहारों के शुभ अवसर और धनतेरस, दीपावली महापर्व के आगमन के साथ ही हर घर में कुछ बचत वाला काम गहनों की खरीददारी के साथ किए जाने का मन रहता है। ऐसे परिवारों के लिए शुद्धता की गारंटी के साथ सोने-चांदी के गहनों की विस्तृत रेंज रखने वाला विश्वसनिय प्रतिष्ठान है टीएन ज्वैलर्स। बीकानेर में पुरानी जेल रोड़ पर बाबुजी प्लाजा में स्थित हैडआफिस एवं श्रीडूंगरगढ़ में रामस्नेही कटले में स्थित ब्रांच ऑफिस के माध्यम से सोने व चांदी के आभूषणों के निर्माण एवं शुद्धता के क्षेत्र में 17 वर्षों का गौरवमयी अनुभव रखने वाला यह प्रतिष्ठान हजारों परिवारों की पहली पसंद बना हुआ है। टीएन ज्वैलर्स के निदेशक तोलाराम जाखड़ (श्रीडूंगरगढ़) ने बताया कि त्योहारी सीजन के मद्देनजर शोरूम में पारंपरिक रजवाड़ी डिजाइनों से लेकर आधुनिक फैंसी गहनों, ब्राइडल कलेक्शंस, कुंदन-मीनाकारी और आकर्षक नक्काशी वाले गहनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध करवाई गई है। हर वर्ग व बजट के अनुसार उत्कृष्ट फिनिशिंग वाले आभूषण ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।

शुद्धता का पैमाना: HUID हॉलमार्क गहनों की ही करें खरीद

टीएन ज्वैलर्स के रेंवतराम जाखड़ ने बताया कि ग्राहकों के हितों को सर्वोपरि बताते हुए महत्वपूर्ण परामर्श दिया है। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर आभूषणों की भारी मांग के बीच ग्राहक कहीं से भी खरीदारी करें, लेकिन ह्वह्लस् हॉलमार्क और HUID (Hallmark Unique Identification) लगा हुआ प्रामाणिक आभूषण ही खरीदें। ॥ह्वह्ल कोड आभूषण की शुद्धता, कानूनी प्रामाणिकता और सोने की सही गुणवत्ता की पूर्ण गारंटी देता है।

मिलते-जुलते नकली शोरूमों से सावधान रहने की अपील:

बाजार में टी.एन. ज्वैलर्स के नाम और साख का अनुचित लाभ उठाने के प्रयासों पर चिंता जताते हुए प्रतिष्ठान ने ग्राहकों को सतर्क किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारे नाम से मिलते-जुलते नकली ज्वैलरी शोरूमों से सावधान रहें और किसी भी भ्रम में न आएं। असली टी.एन. ज्वैलर्स की पहचान उसके 17 वर्षों के विश्वास, पंजीकृत ट्रेडमार्क और अधिकृत शाखाओं से ही है।

दवा लेनी हो या करवानी हो जांचें, श्याम ड्रग हाऊस व सत्यम् डायग्नोस्टिक की सेवाएं है विश्वसनीय

श्रीडूंगरगढ़। श्रीडूंगरगढ़ बाजार में लंबे समय से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से जुड़े प्रबुद्ध व्यापारी रमेश कुमार मूंधडा ने बिमारियों की जांचों एवं चिकित्सकों के परामर्श बाद उच्च क्वालिटी की ब्रांडेड दवाओं के लिए विशेष पहचान कमाई है। उनके सरकारी चिकित्सालय के पास स्थित श्री श्याम ड्रग हाऊस एवं सत्यम डायग्नोस्टिक द्वारा दवाओं के खुदरा विक्रय एवं सभी प्रकार की जांचों की सेवाएं क्षेत्रवासियों को मिल रही है। वहीं तुलसी चिकित्सालय के पास स्थित श्याम ड्रग हाऊस में दवाओं का थोक विक्रय किया जा रहा है। मूंधडा ने बताया कि उनके प्रतिष्ठानों द्वारा क्षेत्रवासियों को समय पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां व विश्वसनीय जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अनुभवी लैब टेक्निशियन द्वारा यहां पर सभी प्रकार की एक्सरे एवं लैब संबंधी जांचें उचित दरों पर की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए 9414417359 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Shyam
• Consultancy •
Ashok Parihar
(Financial Advisor)
9829700725
Pawan Parihar
9314149053
OUR SERVICES
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
जीवन बीमा योजनाएं
बचत व निवेश योजनाएं
भविष्य को सुरक्षित बनाएं
भारतीय डाक India Post डाक सेवा, देश सेवा
बचत खाता
आवर्ती जमा (RD)
आवधिक जमा (FD)
सुकन्या समृद्धि योजना
वरिष्ठ नागरिक बचत योजना आदि
SIP SYSTEMATIC INVESTMENT PLAN
छोटे निवेश से बड़ा फायदा
नियमित निवेश, सुरक्षित भविष्य
अपने लक्ष्यों को करें पूरा
HEALTH INSURANCE
स्वस्थ जीवन की सुरक्षा
परिवार का रखें ख्याल
बेहतर हेल्थ कवरेज योजनाएं
सुरक्षा आपके परिवार की
निवेश बेहतर योजनाएं
भविष्य सुरक्षित कल

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
भैरूदान मोहता 9414429209
बालकिशन मोहता 9509553023
न्यू मिनर्वा
A to Z Fancy Store
एक ही छत के नीचे अनेकों वैरायटी
गिफ्ट आईटम, कॉस्मेटिक, मनिहारी, साईकिल, वॉकर, किचन अप्लाइंस, क्रॉकरी,
गिफ्ट आईटम
कॉस्मेटिक
मनिहारी
साईकिल
वॉकर
किचन अप्लाइंस
क्रॉकरी
पता- पुरानी घास मण्डी रोड, रानी बाजार, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



रमेश मूंधड़ा
मो. 9414417359

श्याम ड्रग हाऊस
थोक दवा विक्रेता
टीएसएस अस्पताल के पास, श्रीडूंगरगढ़

श्री श्याम ड्रग हाऊस
खुदरा दवा विक्रेता
सरकारी अस्पताल के पास, श्रीडूंगरगढ़

सत्यम् डायग्नोस्टिक
सभी प्रकार के एक्सरे एवं जांच अनुभवी लैब टेक्निशियन द्वारा
सरकारी अस्पताल के पास, श्रीडूंगरगढ़

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री गणेशाय नमः


ओमप्रकाश तावणियाँ
9414498015


इन्द्रचन्द तावणियाँ
9314929362


डॉ. किशनलाल तावणियाँ
9982349690


रमेश तावणियाँ
9024690435

संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल
फिजिशियन, जनरल सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ई. एन.टी. व डायलेसिस की सुविधा उपलब्ध



- पूर्णतया कम्प्युटराइज्ड वातानुकूलित पैथोलोजी लैब व एक्सरे।
- साधारण व रंगीन सोनोग्राफी की सुविधा।

24x7 Emergency Services

- गर्भवती महिलाओं के लिए Special बच्चेदानी की सोनोग्राफी (TVS) रियायती दरों पर।

जय हनुमान जनरल स्टोर
जय हनुमान एजेंसी
जय हनुमान मेडिकल



सरकारी अस्पताल के पास, श्रीडूंगरगढ़

बोन एंड जॉइंट केयर सेंटर के माध्यम से क्षेत्रवासियों दर्द दुर कर रहे है-डॉ. जगदीश गोदारा

श्रीडूंगरगढ़। हड्डी एवं जोड़ों के दर्द से आजकल हर कोई परेशान है एवं क्षेत्रवासियों को इस दर्द से मुक्ति दिलवाने का कार्य प्रसिद्ध हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ जगदीश गोदारा कर रहे है। अपनी राजकीय सेवाओं के बाद राजकीय अस्पताल के पास स्थित 'बोन एंड जॉइंट केयर सेंटर' (BJCC) पर सेवाएं देते हुए डॉ गोदारा क्षेत्रवासियों के दर्द को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। डॉ गोदारा द्वारा श्रीडूंगरगढ़ में घुटनों का ऑपरेशन, टुटी हड्डियों को जोड़ने का उपचार, कुल्हे का ऑपरेशन आदि की सेवाएं लगातार दी जा रही है। इस संबध में अधिक जानकारी 9530093923, 9828834051 नम्बरों पर ली जा सकती है।

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

BONE & JOINT CARE CENTER (BJCC)
Dr. Jagdish Godara
Mo. 9530093923
9828834051
Address : Near Government Gospital, Sri Dungargarh (Bikaner)

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

सर्वे सन्तु विरामया
तुलसी सेवा संस्थान


जय भिक्षु


जय तुलसी


जय महाप्रज्ञ


जय महाश्रमण

सर्वे सन्तु विरामया
तुलसी सेवा संस्थान

तुलसी मेडिकल एण्ड रिसर्च सेण्टर

तुलसी सेवा संस्थान कोलकाता का उपक्रम




भीखमचन्द पुगलिया
अध्यक्ष
स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु हम सदैव समर्पित हैं। आपका विश्वास हमारी ताकत है।


धर्मचंद धाड़ेवा
मंत्री
सेवा, समर्पण और संवेदना के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ देना हमारा संकल्प है।


सूर्य प्रकाश गांधी
प्रशासक
व्यवस्थाओं में सुधार और सुविधाओं का विस्तार, आपकी भलाई के लिए निरंतर कार्यरत।

नियमित चिकित्सकीय सुविधाएं

डॉ. एन.पी. मारु
एम.बी.बी.एस., एम.एस. लेप्रोस्कॉपीक व जनरल सर्जन
रजि. नं. R.M.C. 19581

डॉ. रामानन्द सिद्ध
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) कंसल्टेंट फिजिशियन
रजि. नं. R.M.C. 57646

डॉ. प्रीति अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस. स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा
रजि. नं. R.M.C. 30033

डॉ. आर.के. सुथार
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
रजि. नं. R.M.C. 30158

डॉ. प्रवीण कुमार गुप्ता
फैलोशिप क्रिटिकल केयर मेडिसिन एम्स जोधपुर, एम.बी.बी.एस., एम.डी. एनेस्थिसिया (निश्चेतन) रजि. नं. R.M.C. 34200

डॉ. अरिहन्त बेद
एम.बी.बी.एस. मेडिकल ऑफिसर
रजि. नं. R.M.C. 70602

डॉ. गौरव सिंघल
बी.डी.एस., दन्त चिकित्सक
रजि. नं. R.D.C. A 4771

डॉ. जहांगीर खान
एम.बी.बी.एस., डी.एम.आर.डी. रेडियोलोजिस्ट-सोनोलोजिस्ट
रजि. नं. R.M.C. 19577

डॉ. बसन्त सुथार
एम.एस.पी.टी. फिजियोथेरेपिस्ट

साप्ताहिक चिकित्सकीय सुविधाएं

प्रत्येक बुधवार — **डॉ. चंचल गुप्ता** — एम.डी., डी.एन.बी. नेत्र रोग विशेषज्ञ

प्रत्येक बुधवार — **डॉ. अशोक पूनियां** — ई.एन.टी. हेड नैक सर्जरी कान, नाक व गला रोग विशेषज्ञ

प्रत्येक शुक्रवार — **डॉ. मोहित बंसल** — एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चर्म एवं योन रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक शनिवार — **डॉ. गीता सोलंकी** — एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक रविवार — **डॉ. अंकित स्वामी** — एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. कंसल्टेंट फिजिशियन

प्रत्येक रविवार — **डॉ. अमित सेठिया** — एम.बी.बी.एस., एम.एस. (हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ)

उपलब्ध सेवाएं

1. सीटी स्कैन की सुविधा।
2. पूर्णतया कम्प्यूटरीकत वातानुकूलित पैथोलॉजी लैब।
3. डिजीटल व ओ.पी.जी. एक्स-रे।
4. दूरबीन (लेप्रोस्कोपी) द्वारा ऑपरेशन व अन्य सभी तरह के ऑपरेशन करने की सुविधा।
5. वेंटीलेटर, ई.सी.जी. के डिघक मॉनीटर, डिफिब्रिलेटर, नेबुलाइजर आदि की सुविधा।
6. बच्चों हेतु वातानुकूलित गहन चिकित्सा वार्ड (NICU)।
7. रोगियों के भर्ती हेतु जनरल वार्ड, प्राइवेट रूम व डीलक्स रूम की सुविधा।
8. वातानुकूलित प्रसूति गृह (नॉर्मल डिलीवरी व ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी, सिजेरियन की सुविधा)।
9. 24 घन्टे एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध।
10. रागीन सोनोग्राफी (अल्ट्रासाउण्ड) सुविधा।
11. जनरल फिजिशियन, सर्जन, शिशु रोग विशेषज्ञ, प्रसूति रोग विशेषज्ञ व दन्त चिकित्सकों की नियमित सेवाएं।
12. दांतों संबंधि सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज, नये दांत बनाना व बत्तीसी लगाना आदि।
13. रियायती दरों पर दवाइयां उपलब्ध (तुलसी मेडिकल स्टोर)।
14. ब्लड बैंक की 24 घन्टे सुविधा उपलब्ध।


(Maglumi 800) हार्मोन जाँच मशीन


Elite 580 Fully Automatic C.B.C. Machine


ऑटोमेटिक बायोकेमिकल (Em200) मशीन


सी.टी. स्कैन मशीन



भ्रूण लिंग परीक्षण करवाना जघन्य अपराध है तथा इसकी शिकायत 104 टोलफ्री सेवा पर की जा सकती है।

श्रीडूँगरगढ़ 331803 (बीकानेर) | मो. 8094020143

धनतेरस व दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनाएं
KSS JEWELLERS
K.S.S.
Jewellers
आपका हार्दिक स्वागत करता है।
हमारे यहाँ आकर्षक डिजाइनों के
कुन्दन, मीना, पोलकी, डायमण्ड व फैसी
सोने व चांदी के आभूषण तैयार मिलते है
व ऑर्डर पर बनाए जाते है।
काशीराम शिवलाल सारस्वत (मोट) PNB बैंक के पास,
पुरानी घास मण्डी, श्रीडूंगरगढ़
M. 9929372672, 9024462057, 9672662455

सिर्फ घर नहीं, आसपास भी चमकाएं : इस दिवाली स्वच्छता को बनाएं उत्सव का हिस्सा - विनोद गिरी गुसांई

श्रीडूंगरगढ़। दीपावली आते ही घरों में सफाई और सजावट का दौर शुरू हो जाता है। दीवारों से लेकर छतों तक हर कोने को चमकाने की तैयारी होती है। लेकिन क्या हमारी जिम्मेदारी सिर्फ अपने घर की सफाई तक सीमित है? जिस गली, सड़क और मोहल्ले से होकर हम रोज गुजरते हैं, उसकी स्वच्छता भी उतनी ही जरूरी है। त्योहार के दौरान बड़ी मात्रा में कचरा, प्लास्टिक, सजावटी सामग्री और मिठाइयों के डिब्बे इधर-उधर फेंक दिए जाते हैं। इससे नालियां अवरुद्ध होती हैं और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलती है। हम सभी सफाई की शुरुआत अपने घर से करें और घर की सफाई करते समय पुराने और अनुपयोगी सामान को अलग करें। उपयोगी वस्तुओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। कचरे को गीले और सूखे कचरे में अलग-अलग रखें एवं कचरा संग्रहण गाड़ियों में ही कचरा फेंकें। साथ ही इस दीपावली पर प्लास्टिक और डिस्पोजल से दूरी बना कर भी हम पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकते है। सजावट और खरीदारी में बार-बार इस्तेमाल होने वाले कपड़े के थैले और पर्यावरण अनुकूल सामग्री को प्राथमिकता दें। सिंगल यूज प्लास्टिक का कम से कम इस्तेमाल करें। दीपावली के बाद घरों से निकलने वाले कचरे का उचित निस्तारण करें। पूजा सामग्री को भी निर्धारित स्थान पर ही डालें। नालियों और सार्वजनिक स्थानों को कचरा डालने की जगह न बनाएं। आप सभी अपने अपने मोहल्ले को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी लें एवं अपने पड़ोसियों और बच्चों को भी स्वच्छता अभियान से जोड़ें। बाजार, मंदिर, पार्क और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने का संदेश दें। इस दीपावली सिर्फ अपने घर को नहीं, पूरे शहर को रोशन और स्वच्छ बनाने का संकल्प लें। याद रखें, स्वच्छता किसी एक दिन का काम नहीं, बल्कि हमारी रोजमर्रा की जिम्मेदारी है।

।। जय श्री राम ।।
जेपी इन्टरप्राईजेज
एक संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स सुपरमार्केट
धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
पंखे, कूलर, एसी, फ्रीज, मिक्सी, गैस चूल्हे, LED, हॉम गीयेटर,
किचन का सामान, इनवर्टर-बैट्री, सोलर प्रोजेक्ट वाजिब रेट पर उपलब्ध है।
हमारे यहां जेपी इंटरप्राइंजेज पर दुनियां की टॉप कंमनियों के प्रोडक्ट
MRP पर 10 से 70% डिस्काउंट पर उपलब्ध है।
Guaranteed Lowest Price*
Best After Sales Support*
Better Deals Than Online*
Extended Warranty*
AC Dealer
Service & Parts / Warranty
Mitsubishi Electric/Heavy,
O General, Voltas, Daikin,
LG, Godrej & LLOYD
0% Finance Available
BAJAJ FINSERV
STOCKIST & AUTHORISED DEALER/PARTS
Ganpati Plaza, Old Ghas Mandi Road, Sri Dungargarh
JAI PRAKASH TOLAMBIYA
Mob. 96493 66007
Toll Free 939 539 0000
RAMESH RAJPUROHIT

सुरक्षित दीपावली तो ही आंनदमयी दीपावली

पटाखों से दुर्घटना होने पर करें यह उपाय, जाने क्या नहीं करें

श्रीडूंगरगढ़। दीपावली पर्व आंनद का पर्व है लेकिन कई बार छोटी सी असावधानी के कारण त्यौंहार का आनंद हादसे के बाद दर्द में बदल जाता है। हर दीपावली ही देखने को मिलता है कि बड़ी संख्या में लोग पटाकों से जलने या चोट लग जाने की घटनाओं में प्रभावित होते है। ऐसे में यह आलेख विशेष प्रकाशित किया जा रहा है, पढ़ें विस्तार से।

पटाखों से जलने या चोट लगने पर घबराएं नहीं, जानिए तुरंत क्या करें और क्या न करें

छोटी सी सावधानी और सही समय पर दिया गया प्राथमिक उपचार गंभीर नुकसान से बचा सकता है इसलिए दीपावली पर घर में फर्स्ट एड किट रखें एवं जलने पर सही तरीके से प्राथमिक उपचार करें। दीपावली खुशियों और उत्साह का त्योहार है लेकिन दीप जलाने, सजावट करने और आतिशबाजी के दौरान कई बार छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। पटाखों से हाथ या पैर जलना, आंखों में चिंगारी जाना अथवा चेहरे पर चोट लगना ऐसी घटनाएं हैं, जिनमें घबराने के बजाय सही प्राथमिक उपचार की जानकारी होना बेहद जरूरी है। कई बार जानकारी के अभाव में लोग जले हुए स्थान पर टूथपेस्ट, घी, तेल या हल्दी लगा देते हैं। जबकि ऐसे घरेलू उपाय नुकसान पहुंचा सकते हैं और सही उपचार में देरी कर सकते हैं।

जलने पर सबसे पहले क्या करें?

1. जले हुए स्थान को तुरंत ठंडे पानी से धोएं
यदि पटाखे या किसी अन्य कारण से त्वचा जल जाए तो सबसे पहले जले हुए हिस्से को साफ, ठंडे बहते पानी के नीचे लगभग 20 मिनट तक रखें। इससे त्वचा की गर्मी कम करने और चोट की गंभीरता घटाने में मदद मिलती है।
2. अंगूठी, घड़ी और तंग चीजें हटा दें
जले हुए स्थान के आसपास अंगूठी, कड़ा, घड़ी या तंग कपड़े हों तो सूजन आने से पहले सावधानी से हटा दें। यदि कपड़ा त्वचा से चिपक गया है तो उसे खींचकर निकालने की कोशिश बिल्कुल न करें।
3. जले हुए हिस्से को सुरक्षित ढकें
पानी से ठंडा करने के बाद जले हुए हिस्से को साफ, न चिपकने वाली पट्टी या साफ कपड़े से हल्के ढंग से ढकें। पट्टी को कसकर न बांधें।
4. छालों को न फोड़ें
जलने पर त्वचा पर छोटे-बड़े छाले बन सकते हैं। इन्हें फोड़ने या छीलने की कोशिश न करें। इससे संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है।

भूलकर भी न करें ये गलतियां

- जले हुए स्थान पर टूथपेस्ट, घी, तेल, हल्दी या कोई घरेलू लेप न लगाएं।
- जले हुए हिस्से पर सीधे बर्फ न लगाएं।
- त्वचा पर चिपके कपड़े को जबरदस्ती न खींचें।
- छालों को फोड़ें नहीं और जली हुई त्वचा को न रगड़ें।
- बिना चिकित्सकीय सलाह के क्रीम या दवाइयां न लगाएं।

कब तुरंत अस्पताल पहुंचना जरूरी है?

- चेहरा, आंख, हाथ, पैर, निजी अंग या बड़े जोड़ जलने पर।
- त्वचा सफेद, काली, चमड़े जैसी या सुन्न दिखाई देने पर।
- शरीर के बड़े हिस्से में जलने पर। - बच्चे या बुजुर्ग के जलने पर।
- सांस लेने में परेशानी होने या धुआं सांस के साथ अंदर जाने की आशंका पर।
- पटाखे के विस्फोट से गहरी चोट, अधिक खून बहने या आंखों में चोट लगने पर।

गंभीर स्थिति में प्राथमिक उपचार करते हुए तुरंत अस्पताल पहुंचें या एम्बुलेंस बुलाएं। भारत में आपातकालीन सहायता के लिए 112 पर कॉल किया जा सकता है।

दीपावली से पहले घर में तैयार रखें फर्स्ट एड किट

त्योहार शुरू होने से पहले घर में एक छोटी प्राथमिक उपचार किट जरूर तैयार रखें। इसमें ये चीजें होनी चाहिए:

- स्टेराइल गॉज पैड और साफ ड्रेसिंग। - न चिपकने वाली बर्न ड्रेसिंग।
- साफ पट्टियां और मेडिकल टेप। - कैंची और डिस्पोजेबल दस्ताने।
- साफ पानी की उपलब्धता। - आवश्यक प्राथमिक उपचार सामग्री।

ध्यान रखें कि फर्स्ट एड किट गंभीर चोट का इलाज नहीं है, बल्कि चिकित्सा सहायता मिलने तक शुरुआती मदद के लिए है। खुशियों का त्योहार मनाएं, सुरक्षा को प्राथमिकता दें। दीपावली पर परिवार के सभी सदस्य एक-दूसरे की सुरक्षा का ध्यान रखें। बच्चों को आग और जलते दीयों से दूर रखें तथा किसी भी दुर्घटना की स्थिति में घबराने के बजाय सही प्राथमिक उपचार अपनाएं। याद रखें, हादसे के बाद शुरुआती 20 मिनट बेहद महत्वपूर्ण हो सकते हैं। सही जानकारी, समय पर प्राथमिक उपचार और जरूरत पड़ने पर तुरंत डॉक्टर की मदद किसी बड़ी परेशानी से बचा सकती है।

B.S. Charan
S.S. Charan
Since 1960
मो. 9414404543
7340454367
श्री करणी मोटर्स
सभी क्षेत्रवासियों को
धनतेरस व दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री करणी मोटर्स
झंवर बस स्टैंण्ड के पास,
इन्द्रलोक होटल के सामने, श्रीडूंगरगढ़
श्री करणी मोटर्स
घूमचक्कर के पास,
श्रीडूंगरगढ़
माँ लक्ष्मी व भगवान धन्वंतरि आपके जीवन में
स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशहाली लेकर आएं।
पॉवर टूल्स, मोटर, मशीनरी, स्पेयर पार्ट्स, पम्प, कम्प्रेशर्स, लुबरी केन्ट, ऑयल, ग्रीस, सेफ्टी आईटम, घरेलू सामान,
सभी प्रकार की कटिंग ब्लेडस, इंजन्स, इंडस्ट्रीय लाईट, वेल्डिंग मशीन, आटा चक्की, फैन बेल्ट, हाईड्रोलिंग जोइंट्स,
होम अप्लाईस का सामान, सभी प्रकार के ड्रिपिंग पाईप, मिक्सर मशीन, क्रेन मशीन, सॉल्यूशन पेस्ट आदि के विक्रेता।
BOSCH | DEWALT | Makita | STANLEY | VENUS | SKF | NTN | TIMKEN | LOCTITE | WD-40 | 3M